हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 30 देहरादून, शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



उत्तराखंड की बेटी दीक्षा मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में रहीं प्रथम रनअप 4

# मुख्यमंत्री धामी ने दिए प्रदेश में हेली सेवाओं के विस्तार के निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में हेली सेवाओं के विस्तार के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक जनपद और महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल हवाई सेवा से जुड़े इस दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं। जौलीग्रांट के साथ ही पंतनगर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की व्यवस्था तथा इनके विस्तारीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान देने को कहा है। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों एवं पर्यटकों को बेहतर हवाई सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु टिकट बुकिंग एवं टिकटों की ब्लैक मार्केटिंग रोकने के लिये भी कारगर व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने पर ध्यान देने को कहा है।

गुरूवार को सचिवालय में नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के निदेशक मण्डल की नवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि राज्य में हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। केन्द्र सरकार के स्तर पर इसके लिए जो भी सहयोग की आवश्यकता है, उसका पूरा प्रस्ताव बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून के साथ ही पंतनगर एयरपोर्ट की देश के प्रमुख शहरों से कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में कार्य किये जाए। पंतनगर एयरपोर्ट क्षेत्र में भूमि का सही उपयोग हो, इसके लिए भी उन्होंने मास्टर प्लान बनाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने तथा डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड की सफलता के लिए हवाई कनेक्टिविटी को विस्तार तथा मजबूती प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बेहतर हवाई सुविधाओं के आधार पर हमें लोगों को उत्तराखण्ड आने के लिये प्रेरित करना होगा।



मुख्यमंत्री ने यूकाडा से आय के संसाधनों में वृद्धि के प्रयासों पर भी ध्यान देने को कहा। उन्होंने नैनी सैनी, चिन्यालीसौड एवं गौचर हवाई पट्टियों को भी सुविधायुक्त बनाये जाने को कहा ताकि यहां पर भी छोटे वायुयान की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने उड़ान योजना के तहत विकसित किये जा रहे हेलीपोर्टों को भी आवश्यक संसाधनों से सुविधायुक्त बनाये जाने पर भी ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री ने हेलीपैड, ग्राउंड और हैंगर के लैडिंग, पार्किंग शुल्क बढ़ाये जाने के प्रस्ताव को युक्ति संगत बनाये जाने को कहा।

बैठक में राज्य के लिए नये वायुयान खरीदने के प्रस्ताव पर सहमति बनी कि इसके खरीदने की प्रक्रिया शुरू की जाय। नया वायुयान खरीदे जाने तक एक वायुयान लीज पर लिया जाए। हेली सेवा संचालन के लिए आपातकालीन स्थिति में हवाई यातायात नियंत्रक (ए.टी.सी) से संपर्क स्थापित करने के लिए केदारनाथ धाम एवं सहस्त्रधारा हेलीपैड पर मानवयुक्त यातायात नियंत्रक केन्द्र स्थापित करने के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी से एमओयू किये जाने तथा उस पर आने वाले व्यय के सबंध में अनुमोदन प्रदान किया गया। कुमांऊ मण्डल क्षेत्र में हेलीकॉप्टर में तेल भरने के लिए एक फ्यूल पम्प एवं तेल के बैरल परिवहन करने के लिए वाहन क्रय किये जाने के लिए अनुमोदन दिया गया। बैठक में यूकाडा की विगत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि के साथ ही वर्तमान बैठक में प्रस्तुत विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ ही सहमति प्रदान की गई। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव बृजेश संत, डॉ. वी. षणमुगम, विनय शंकर पाण्डेय, मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूकाडा सी. रविशंकर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मानसून के बाद एक माह में प्रदेश के सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए : सीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दिये कि मानसून के बाद एक माह में प्रदेश के सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मानसून अवधि के बाद सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाय। कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। आगामी कांवड़ मेले के दृष्टिगत सुरक्षात्मक रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने के साथ ही सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सबंधी सभी सुविधाएं बेहतर रखने और घाटों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं।



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि पर्वतीय क्षेत्रों में धारण क्षमता के अनुसार ही निर्माण कार्य किए जाएं। पर्यटन स्थलों पर पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए रिक्त स्थानों को चिन्हित कर पर्याप्त पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन सरकारी गेस्ट हाउस की स्थिति सही नहीं है, उनकी सही तरीके से मेंटेनेंस कराई जाए। अतिथि गृह में ठहरने वालों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जीएसटी कलेक्शन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य में किसी तरह की जीएसटी चोरी न हो। जरूरत पड़ने पर इसके लिए अभियान चलाया जाए। जीएसटी पंजीकरण के लिए व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को जागरूक किया जाए। डिजिटल पेंमेट को बढ़ावा देने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, एडीजीपी ए.पी अंशुमन एवं आईजी कृष्ण कुमार वी.के उपस्थित थे।

## कैबिनेट मंत्री महाराज ने मुख्यमंत्री को सौंपा चार धाम यात्रियों की दुर्घटना सुरक्षा बीमा का चैक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । चारों धामों में आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा हेतु मानव उत्थान सेवा समिति ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के द्वारा श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के माध्यम से 1000000 (दस करोड़ रुपए) का दुर्घटना बीमा दिया गया है।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने अपनी संस्था मानव उत्थान सेवा समिति की ओर से चारों धामों में आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा हेतु यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के द्वारा श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के माध्यम से 1000000 (दस करोड़ रुपए) का दुर्घटना सुरक्षा बीमा दिया गया है। महाराज एवं उनके कनिष्ठ पुत्र सुयश रावत ने गुरुवार को सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में बीमा प्रीमियम का चौक संयुक्त रुप से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और श्री बद्रीनाथ श्री केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अजय को सौंपा।

महाराज ने बताया कि प्रत्येक धाम का दुर्घटना बीमा 2.50 (ढाई करोड़) करोड को निर्धारित किया गया है। दर्शनार्थियों की सुरक्षा बीमा के तहत मानव उत्थान सेवा समिति ने बीमा प्रीमियम की धनराशि सेवाकर सहित 3,67,995 (तीन लाख सड़सठ हजार नौ सौ पिचानबे) की धनराशि का चौक श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति को सौंपा दिया है। इस अवसर पर यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की उप महाप्रबंधक गीता आनंद एवं सीनियर ब्रांच मैनेजर जितेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## महाराज के मुख्य सचिव को प्रदेश में 'एक राज्य-एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने को कहा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल और महामहिम राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली कमेटी की ₹एक राज्य-एक चुनाव₹ की सिफारिश का हवाला देते हुए मुख्य सचिव को पंचायत चुनाव में इस व्यवस्थाओं को लागू किये जाने के संबंध में कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश के पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, संस्कृति एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल और महामहिम राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली कमेटी की ₹एक राज्य-एक चुनाव₹ की सिफारिश का हवाला देते हुए मुख्य सचिव को पंचायत चुनाव में इस व्यवस्थाओं को लागू किये जाने के संबंध में इसकी संभावनाओं को तलाशने के साथ-साथ अन्य प्रदेशों में हुई प्रगति के आधार पर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य सचिव को लिखित निर्देश देते हुए कहा है कि कुछ राज्य सरकारों ने अपने यहां ₹एक राज्य-एक चुनाव₹ की घोषणा के तहत इस प्रकार की व्यवस्था की है।

प्रदेश के पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में जनपद हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जनपदों का त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव 2024-25 में किया जाना प्रस्तावित है। राज्य में वर्ष 2019 में गठित त्रिस्तरीय पंचायत के कार्यकाल में कोविड-19 महामारी के कारण 2 वर्ष तक विकास कार्य अवरुद्ध रहे। इस दौरान पंचायतों की बैठकें तक नहीं हो पाई इसके दृष्टिगत महामारी के इन दो वर्ष के कार्यकाल को पंचायत के 5 वर्ष के कार्यकाल के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है। इसलिए जन प्रतिनिधियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए और इन तमाम बिंदुओं को दृष्टिगत रखते हुए त्रिस्तरीय पंचायत का चुनाव 2024-25 में ना कराकर, जनपद हरिद्वार के साथ वर्ष 2027 में कराये जाने चाहिए।



पंचायतीराज मंत्री महाराज ने मुख्य सचिव से कहा है कि कोविड काल में झारखण्ड सरकार ने पंचायतों का कार्यकाल छह माह के लिए बढ़ाया था वहीं दूसरी ओर राजस्थान ने ₹एक राज्य-एक चुनाव₹ की भी घोषणा की है। इसलिए इन राज्यों से जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ उसका गहराई से अध्ययन करते हुए इस दिशा में हमारे यहां किसी प्रकार की व्यवस्था हो सकती है इस पर कार्य किया जाना चाहिए।

# शादी में आने वाले मेहमानों से मांगे बैंक अकाउंट, दूल्हा-दुल्हन ने भेजा ऐसा न्योता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 19 जुलाई : भारतीय शादियों में जब मेहमानों को न्योता भेजा जाता है, तो उन्हें काफी आदर-सम्मान के साथ बुलाया जाता है. जब मेहमानों को लगता है कि उनका पर्याप्त आदर हुआ है, तभी वो शादी में शामिल होते हैं. हालांकि, विदेशों में शायद ऐसा नहीं है. वहां पर तो जिन्हें शादी में बुलाते हैं, उनसे उनकी बैंक डीटेल भी मांग लेते हैं! आपको यकीन नहीं हो रहा है। चलिए आपको एक ऐसी रोचक घटना के बारे में बताते हैं, जिसके बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है। पेरेंट्स के लिए बनाए गए इंग्लैंड के ऑनलाइन फोरम 'मम्सनेट' पर हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया गया है, जिसे पढ़कर लोग काफी हैरान हो रहे हैं. एक यूजर ने इसी महीने ये पोस्ट लिखा और बताया कि हाल ही में उन्हें एक शादी का न्योता मिला. पर वो न्योता इतना विचित्र था, कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि क्या वो ज्यादा बुजुर्ग हो गए हैं, जिन्हें आजकल न्योते भेजने के तरीकों का ज्ञान नहीं है, या फिर वास्तव में न्योता अजीब है।

हुआ यूं कि उन्हें एक दोस्त के बेटे की शादी के लिए एक कार्ड आया था. उस कार्ड में एक क्यू आर कोड बना हुआ था. जिसे स्कैन करना था और अपनी उपस्थिति दर्ज करानी थी. उन्होंने जब अपने फोन से उसे स्कैन किया, तो एक गूगल फॉर्म खुल गया. फॉर्म के पहले पन्ने पर आम जानकारियां थीं, जैसे मेहमान का नाम, पता, ई-मेल एड्रेस. ये तमाम चीजें उन्हें नॉर्मल लगीं, जिसे उन्होंने भर दिया. पर जैसे ही वो दूसरे पेज पर पहुंचे, वहां उनसे उनके बैंक अकाउंट से जुड़े कार्ड की डिटेल मांगने लगा. बिना उसे भरे वो अगले पन्ने पर जा ही नहीं सकते थे. आगे के पन्नों पर अपने खाने के चॉइस बताने का ऑप्शन था और वेटिंग लिस्ट देखने का भी विकल्प था. मगर बिना बैंक डीटेल भरे वो आगे नहीं जा पा रहे थे।

उसमें लिखा था कि साइट को फ्री में इस्तेमाल करने के लिए 7 दिन का वक्त है, जिसके बाद फीस कटेगी, यानी उन्हें 7 दिनों में फॉर्म भरना था. उन्हें ये पढ़कर काफी हैरानी हुई, क्योंकि बैंक अकाउंट डिटेल की जानकारी देना उन्हें अजीब लग रहा था. उन्होंने लोगों से राय मांगी कि क्या ये आजकल नॉर्मल है? लोगों ने कहा कि ये नॉर्मल नहीं है, उन्हें एक अच्छा कार्ड भेजिए और कहिए कि आप नहीं आ सकते. एक ने कहा कि आखिर उन्हें बैंक डिटेल की क्या जरूरत।



# हरेला लोक पर्व पर रोपे, विभिन्न प्रजाति के 500 पौधे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नरेंद्रनगर। प्रकृति प्रेम से जुड़ा उत्तराखंड का प्रसिद्ध लोक पर्व हरेला को यहां विभिन्न प्रजाति के फलदार, औषधीय ,चारापत्ती तथा छायादार पौधों का रोपण कर उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर लोक निर्माण विभाग नरेंद्रनगर के समस्त स्टाफ के द्वारा कुमारखेड़ा-रानी पोखरी मोटर मार्ग पर सड़क के किनारे 8 किलोमीटर तक के क्षेत्र में फलदार एवं विभिन्न प्रजाति के लगभग 500 पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर विभाग के सहायक अभियंता साहब सिंह सैनी, मनमोहन सिंह, संजय कठैत, धीरज भंडारी, बृजमोहन कोठारी, मातवर सिंह रावत, राजेश उनियाल, पंकज त्यागी व लोनिवि के थिंकटैंक माने जाने वाले किशन पांडे, कृपाल सिंह, नरेंद्र सिंह नेगी, गोपाल पुंडीर ,सुभाष नौटियाल आदि उपस्थित थे। उधर नरेन्द्रनगर में भी नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु स्वर्गीय ठाकुर किशोर सिंह राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के समीप खाली पड़ी भूमि पर फलदार वृक्ष लगाए गये।

इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा,कांग्रेस के नगर अध्यक्ष मनबीर नेगी व राजेंद्र गुसाईं ने कहा कि धरती पर हरियाली लाने के मकसद से पौधा रोपण कर, इस कार्य की इति श्री नहीं समझी जानी चाहिए, बल्कि पौधा रोपण के नाम पर लगाए गए पौधों की देखभाल व सुरक्षा, तब तक की जाए,जिस स्थिति तक पशु अथवा जंगली जानवर उन्हें हानि ना पहुंचा सकें। पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राणा ने कहा कि धरती पर हरियाली के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती और हरियाली, शुद्ध हवा, शुद्ध जल, बगैर वृक्षों के संभव नहीं है।

उधर राजेंद्र गुसाईं का कहना था कि मिट्टी-पानी और बयार,ये हैं जीने के आधार।तो शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनवीर सिंह नेगी ने वृक्षों को जीवन दाता बताते हुए कहा कि खाली पड़ी भूमि पर वृक्षारोपण करने के साथ-साथ, प्रत्येक परिवार को घर के आसपास पौधा रोपण करना चाहिए, और उस पौधे को पारिवारिक सदस्य मानकर नामकरण करना चाहिए, ताकि पौधे के साथ पारिवारिक भावना जुड़ने से उसकी सही देख-रेख, सुरक्षा और हिफाजत एक परिवार के सदस्य के रूप में हो सके। इस अवसर पर पालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र राणा, दुर्गा राणा, मानवेंद्र रगड़, राजू गुसाईं, हरेंद्र नेगी, दिनेश कुमार, रविंद्र नेगी, विक्रम कैंतुरा आदि उपस्थित थे।



# परिवहन निगम का टिकट काउंटर बना परेशानी का सबब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

मसूरी ।लाइब्रेरी बस स्टैण्ड में उत्तराखंड परिवहन निगम ने यात्री विश्राम गृह और टिकट काउंटर बनाया लेकिन निर्माण की गुणवत्ता ठीक न होने से बरसात में टिकट काउंटर पर कार्य कर रहे परिवहन विभाग के कर्मचारियों और पर्यटकों को बारिश का पानी आने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बारिश होने पर अंदर पानी आता है और सीवर लाइन का पानी भी बरसात में आने से वहां पर दुर्गंध आने लगती हैलाइब्रेरी बस स्टैण्ड का पुराना टिकट घर और यात्री विश्राम गृह रोपवे निर्माण के लिए तोड़ दिया गया था जिस कारण यात्रियों को टिकट लेने में परेशानी होती थी और बारिश या धूप होने पर उन्हें सडक पर खडा रहने को मजबूर होना पड़ता था ।यात्रियों की परेशानी को देखते हुए उत्तराखंड परिवहन निगम ने नया यात्री विश्राम गृह और टिकट घर बनवाया जिसमें इतना घटिया कार्य किया गया कि पहली ही बरसात में जगह जगह से पानी टपक रहा है यहां तक कि टिकट काउंटर पानी में भर जाता है ।मौके पर मौजूद भाजपा के पूर्व मडल अध्यक्ष मोहन पेटवाल ने कहा कि टिकट काउंटर और यात्री विश्राम गृह में पानी आना कार्यदायी संस्था के कार्य पर सवाल खड़े करता है वहीं टिकट घर के दोनों ओर कूडे के ढेर लगे रहने से दुर्गंध आती है जिससे स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को परेशानी होती है ।मसूरी व्यापार मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि जनता की परेशानी को देखते हुए मसूरी के विधायक गणेश जोशी के प्रयासों से टिकट काउंटर और यात्री विश्राम गृह परिवहन निगम से बनवाया गया था, लेकिन कार्य की गुणवत्ता ठीक न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । मौके पर मौजूद परिवहन निगम टिकट काउंटर के इंचार्ज धीरज मुनि शाह ने बताया कि बरसात में यहां भारी परेशानी होती है, चारो तरफ से पानी आता है टिकट काउंटर भी पानी से भर जाता है । इस मौके पर भाजपा मसूरी मंडल के उपाध्यक्ष अरविंद सेमवाल, अतुल अग्रवाल, अमित भटट, शानू वर्मा आदि मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री सहित सभी कैबिनेट मंत्रियों ने दिवंगत विधायक शैला रानी रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री सहित सभी कैबिनेट मंत्रियों ने दिवंगत विधायक शैला रानी रावत के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## शहीद हवलदार हरेन्द्र सिंह रावत के नाम पर होगा रिखणीखाल ब्लॉक स्थित सीएचसी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पौड़ी गढ़वाल के रिखणीखाल ब्लॉक मुख्यालय में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उच्चीकृत सुविधाओं से युक्त किये जाने तथा चिकित्सालय का नाम शहीद हवलदार हरेन्द्र सिंह रावत के नाम पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि यह निर्णय शहीद हवलदार हरेन्द्र सिंह रावत की बहादुरी और बलिदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से लिया गया है। उच्चीकृत स्वास्थ्य सुविधाएं क्षेत्रीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगी और उनके स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करेंगी।

## वन प्रभाग की मल्हान रेंज में किया पौधरोपण

देहरादून। मा0 उपाध्यक्ष (राज्य स्तरीय) बीस सूत्री कार्यक्रम के नेतृत्व में अर्थ एवं संख्या निदेशालय, बीस सूत्री कार्यक्रम ज्योति प्रसाद गैरोला, तथा जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा वन प्रभाग की मल्हान रेंज में चयनित स्थल (सहंसरा कक्ष संख्या 1बी) में वन क्षेत्राधिकारी, मल्हान रेंज के साथ रहकर लगभग 50 पौधरोपण का कार्य किया गया। मा0 उपाध्यक्ष द्वारा अपने सम्बोधन में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाये जा रहे अभियान (एक पेड़ माँ के नाम) को आगे बढ़ाये जाने हेतु संदेश दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न अवसरों पर भारी मात्रा में पौधारोपण किया जा रहा है किन्तु इसके जीवित रहने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हम सबका दायित्व है कि रोपित किये पौधे को जीवित रखने का भी प्रयास करें। इस अवसर पर कार्यक्रम में अर्थ एवं संख्या निदेशक सुशील कुमार, अपर निदेशक पंकज नैथानी, संयुक्त निदेशक टी0एस0 अन्ना, डी0सी0 बडोनी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी शशि कान्त गिरि एवं गोपाल गुप्ता, वन क्षेत्राधिकारी अयामुद्दीन सिद्दकी सहित अर्थ एवं संख्या विभाग के अन्य कर्मचारी भी भारी संख्या में उपस्थित रहें।

# सैमसंग फोल्ड 6 हुआ लॉन्च, 3 वेरिएंट, 3 रंग और AI फीचर

## न्यूज़ वायरस के संपादक सलीम सैफी ने राजधानी देहरादून में किया सैमसंग फोल्ड 6 लॉन्च






**शादान सलीम**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,18 जुलाई। सैमसंग का बहुप्रतीक्षित रॉयल फोन सैमसंग फोल्ड 6 देर रात देहरादून में लॉन्च हो गया है,सैमसंग के एक्सक्लूसिव डीलर ऋषि अरोड़ा के शोरूम अरोड़ा एंटरप्राइजेज पर ये लॉन्चिंग हुई,जहां पर फोन की पहली खेप की डिलीवरी वरिष्ठ पत्रकार और न्यूज़ वायरस नेटवर्क के सीईओ व संपादक सलीम सैफी,पत्रकार अवनीश जैन,सेनर्जी हॉस्पिटल के सीईओ कमल गर्ग,उद्योगपति रवित्र चौधरी, मनोज गुप्ता, अक्षत गुप्ता, हरिद्वार के उद्योगपति सुधांशु मिश्रा और कई प्रमुख व्यवसायों को सौंपी गई।

**देर रात तक ऋषि अरोड़ा के सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर पर रही भारी भीड़**

ऋषि अरोड़ा के मुताबिक फोल्ड 6 की विशेषताओं की अगर बात करें तो आईपी 68 के तहत पहली बार धूल और जल रोधी सुविधा के साथ सेमसंग ने फोल्ड 6 का बाहरी डिस्प्ले 6.3 इंच साइज में दिया है जो फोल्ड 5 के मुकाबले 1 इंच ज्यादा है और वजन 239 ग्राम यानी पिछले मॉडल से 14 ग्राम कम व कॉम्पैक्ट।

ऋषि अरोड़ा के मुताबिक Ai फीचर के साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन इंटरप्रेटर फोल्ड 6 का सबसे बड़ा आकर्षण है जो 16 भाषाओं को सपोर्ट करता है,फोल्ड 6 तीन वेरिएंट 256जीबी 512 जीबी और 1टीबी इनबिल्ट मैमोरी और 3 रंगो में लॉन्च किया गया है सिल्वर,पिंक और नेवी ब्लू ,इनकी कीमत 1.65 लाख,1.77 लाख और 2.01 लाख घोषित की गई है,इनकी प्री रिजर्व्ड 26 जून और प्री बुकिंग 11 जुलाई से शुरू हुई जिसे 18 जुलाई देर रात से इसकी डिलीवरी शुरू हुई।ऋषि अरोड़ा ने बताया कि सेमसंग ने अभी तक फोल्ड सीरीज के 5 फोन लॉन्च किए है पहला मॉडल वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था और फोल्ड 6 वर्ष 2024 में लॉन्च हुआ।

**सैमसंग कंपनी और अरोड़ा एंटरप्राइज अधिकारी व कर्मचारी भी जुटे रहे देर रात तक**

लॉन्चिंग के दौरान न्यूज वायरस नेटवर्क के एसीईओ मोहम्मद शादान सलीम, आर्कोनिक्स स्टूडियोज के सीईओ आर्किटेक्ट साकिब अय्यूब,अरोड़ा एंटरप्राइजेज के सीनियर मैनेजर आशीष गुप्ता ,मैनेजर संसार सिंह , हर्ष वर्मा,चिराग अजवानी,विकास जायसवाल और प्रमोटर सुमन रावत मौजूद रहे और लॉचिंग पर सैमसंग की AI तकनीक को काफ़ी सराहा,ऋषि अरोड़ा ने अपने सभी ग्राहकों का धन्यवाद देते हुए शुभरात्रि संदेश के साथ अतिमहत्वपूर्ण ग्राहकों को फोल्ड 6 की डिलीवरी दीसैमसंग कंपनी के उत्तराखंड के मार्केटिंग मैनेजर सिद्धार्थ धमीजा,जोनल हेड देवेंद्र ठाकुर, एवीएम हिमांशु मतपाल ने फोल्ड और फ्लिप 6 की खूबियों को विस्तार से समझाया।








## दून की इमरजेंसी में होगी कार्रवाई कमरों पर भी तकरार

देहरादून। दून अस्पताल की इमरजेंसी में मेडिकल के नाम पर रुपये लेने के मामले में प्राचार्य की तरफ से बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। एमएस, इमरजेंसी प्रभारी की रिपोर्ट के आधार पर प्राचार्य सख्त फैसला ले सकते हैं। चर्चा है कि कुछ डॉक्टर एवं कर्मचारी इमरजेंसी से हटाकर अन्य जगह शिफ्ट किए जा सकते हैं। प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि व्यवस्था सुधारने के लिए इमरजेंसी प्रभारी को निर्देशित किया है। कार्रवाई की जा रही है, जल्द आदेश हो जाएंगे। उधर, दून अस्पताल की इमरजेंसी में कमरे की तकरार रूक नहीं रही हैं। दोनों पक्ष अपनी बात पर अड़े हैं। प्राचार्य द्वारा मामले पर संज्ञान नहीं लेने पर कुछ कर्मचारियों में आक्रोश भी बना है। इमरजेंसी में कमरे को लेकर पूर्व में दो वरिष्ठ डॉक्टरों में विवाद सामने आया था। प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ था। अब दूसरा विवाद आने से तमाम चर्चाएं व्याप्त है। उधर, कुछ कर्मचारियों द्वारा इमरजेंसी में व्हीलचेयर, स्ट्रेचर आदि का काम लिए जाने एवं उनके विभागों में कार्य प्रभावित होने की शिकायत प्राचार्य से की है, लेकिन इस पर कोई अमल नहीं हुआ है।

## केदारनाथ हाईवे तहसील के पास मलबा आने से ढ़ाई घंटे रहा बंद

रुद्रप्रयाग । केदानानाथ हाईवे पर तहसील के समीप मलबा आने से हाईवे ढाई घंटे तक बंद रहा। दोनों तरफ से तीन मशीनें लगाने के बाद मार्ग आवाजाही के लिए खोला गया। वहीं सुबह ऑफिस टाइम होने के कारण हाईवे पर यात्रियों के साथ ही तहसील के अधिकारी-कर्मचारी भी फंसे रहे। गुरुवार सुबह पौने दस बजे केदारनाथ हाईवे तहसील से पहले मबला आने के कारण बंद हो गया। बड़ी मात्रा में मलबा हाईवे पर आने से यहां वाहनों की आवाजाही थम गई। स्थानीय लोगों के साथ ही यात्री एवं तहसील जाने वाले अधिकारी कर्मचारी यहां फंसे रहे। उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल ने अपनी मौजूदगी में एनएच लोनिवि द्वारा हाईवे को खोलने की कार्यवाही करवाई। दोनों स्थानों से तीन मशीनें लगाई गई जिसके बाद करीब साढ़े 12 बजे हाईवे को आवाजाही के लिए खोल दिया गया। वहीं केदारनाथ हाईवे पर कई जगहों पर पहाड़ी से मलबा बोल्डर गिरने का खतरा बढ़ गया है।

## केदारनाथ यात्रा में पूर्व की तरह खुले ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर

रुद्रप्रयाग । भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश उनियाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उन्हें केदारनाथ यात्रा से जुड़े कई सुझावों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि केदारनाथ सहित सभी धामों में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की बाध्यता को खत्म किया जाए। जबकि पूर्व की भांति ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर खोले जाएं। जिससे यात्रियों को किसी तरह की दिक्कत न हो। देहरादून में मुख्यमंत्री से मुलाकात में पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व की तरह अगस्त्यमुनि, गुप्तकाशी, फाटा, सोनप्रयाग एवं केदारनाथ में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर खोले जाएं जबकि पूर्व की भांति ही गुप्तकाशी, फाटा में हेली सेवा के ऑफ लाइन टिकट काउंटर खोले जाएं। इसके साथ ही सभी हेली कंपनियों में प्रतिदिन स्थानीय लोगों को न्यूनतम दर पर 05 से 07 टिकट मुहैया कराएं जाएं। उन्होंने कहा कि रुद्रप्रयाग, तिलवाड़ा, अगस्त्यमुनि, गुप्तकाशी, फाटा, सेरसी बड़ासू, रामपुर, त्रियुगीनारायण और गौरीकुंड में आधुनिक सुविधाओं वाली 400 से 500 क्षमता वाली गाड़ियों की पार्किंग बनाई जाए ताकि इन स्थानों पर वाहनों को रुकने में किसी तरह की दिक्कत न हो। उन्होंने उक्त मांगों पर मुख्यमंत्री से शीघ्र कार्यवाही करने का आग्रह किया।

## 22 और 23 को गढ़वाल आयुक्त रुद्रप्रयाग में

रुद्रप्रयाग । गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय आगामी 22 एवं 23 जुलाई को रुद्रप्रयाग जनपद का भ्रमण करेंगे। इस दौरान वे जनता मिलन कार्यक्रम में भी भाग लेंगे जबकि अगस्त्यमुनि के गांवों में निरीक्षण करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी डॉ.जीएस खाती ने बताया कि आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय 22 जुलाई को विकास भवन सभागार में आयोजित होने वाले जनता मिलन/जन संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर जनता की समस्याओं को सुनेंगे। साथ ही विकासखंड अगस्त्यमुनि के गांवों का निरीक्षण कर क्षेत्र की जनता की समस्याएं सुनेंगे। आयुक्त गढ़वाल मंडल 23 जुलाई को विकासखंड ऊखीमठ के गांवों का भ्रमण कर सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। साथ ही जनता की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में संचालित योजनाओं के बारे में पूर्ण विवरण सहित मौके पर रहना सुनिश्चित करें।

## सोशल मीडिया पर सूचना से मरीज की जान बचाई

देहरादून। कांग्रेस नेता और सामाजिक कार्यकर्ता फारूख राव को गुरुवार को सूचना मिली कि एक मरीज को एबी पॉजिटिव रक्त की जरूरत है। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस जानकारी को साझा किया। विवेक मनोरमा डोबरियाल, प्रिंस रावत, आकाश और राजवीर सूचना मिलने पर देव भूमि ब्लड बैंक पहुंचे और मरीज के लिए रक्तदान किया।

# मिसेज उत्तराखंड रूपाली वशिष्ठ ने पुणे में किया देवभूमि का नाम रोशन

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 19 जुलाई : रूपाली जी वशिष्ठ ने कम समय में कई उपलब्धियां प्राप्त की और देश भर में उत्तराखंड का नाम रोशन किया है।महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित कार्यक्रम में दून के जोगीवाला निवासी रूपाली वशिष्ट को रेडिएंट टैलेंट वर्ल्ड रिकॉर्ड का ब्रांड एंबेसडर उत्तराखंड चुना गया है।

कार्यक्रम के दौरान रेडिएंट टैलेंट वर्ल्ड रिकॉर्ड का ब्रांड के फाउंडर कांति महाजन ने रुपाली को ₹आइकॉन ऑफ नेशन अवार्ड₹ से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अलग-अलग राज्यों की बहुत सी बड़ी हस्तियां भी मौजूद थी। कार्यक्रम में जम्मू रियासत की रानी डॉ. सुहासिनी भी शामिल थी। रूपाली वशिष्ठ ने कम समय में कई उपलब्धियां प्राप्त की और देश में उत्तराखंड का नाम रोशन किया है।

रूपाली वशिष्ठ शोधार्थी और लेखिका हैं। इसके साथ ही भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट की देहरादून जिलाध्यक्ष हैं, और सामाजिक कार्यों में लगातार सक्रिय रहती है। रुपाली ने अपनी दो किताबें ₹मेरी मां₹ और ₹श्रमिक मजदूर या मजबूर₹ लिखी हैं। इन दोनों किताबों को महाराष्ट्र में काफी पसंद किया जा रहा है। इनकी ये दोनों किताबें Amazon और Flipkart पर भी ऑनलाइन मिल रही हैं।इससे पहले भी देहरादून में आयोजित ग्लैम लुक मॉडलिंग एजेंसी द्वारा मिस एंड मिसेज उत्तराखंड सीजन 2 में रूपाली वशिष्ठ ने मिसेज उत्तराखंड का खिताब अपने नाम किया था।




# उत्तराखंड की बेटी दीक्षा मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में रहीं प्रथम रनअप

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 19 जुलाई : लखनऊ में आयोजित प्रतियोगिता में दीक्षा पांडे मिस यूनिवर्स उत्तराखंड-यूपी में प्रथम रनअप रही, इसमें 70 सुंदरियों ने प्रतिभाग किया था। इस सफलता के बाद अब वे दिल्ली में होने वाली मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता करेंगी।

प्रदेश की बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्तराखंड का नाम रोशन कर रही हैं। उनकी साहसिकता और योगदान ने समाज में एक प्रेरणा स्त्रोत की भूमिका निभाई है और उनकी इस उपलब्धि से अन्य बालिकाओं को भी अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा मिल रही है। हल्द्वानी के मल्ली बमौरी की बेटी दीक्षा पांडे यूपी के लखनऊ में आयोजित मिस यूनिवर्स उत्तराखंड-यूपी में प्रथम रनअप रही, उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार और पूरे क्षेत्र में ख़ुशी की लहर है। इस मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में 70 सुंदरियों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें यूपी हाथरस की कनक अग्निहोत्री ने यह खिताब अपने नाम किया वहीं हल्द्वानी की दीक्षा रनअप रही।




दीक्षा पांडे ने बताया कि वह अगले माह दिल्ली में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग करने वाली हैं। दीक्षा के 12वीं तक की पढ़ाई सेंट थैरेसा स्कूल से की और वर्तमान में वे मुंबई में इंटीरियर डिजाइनर हैं और साथ में एक कंपनी के लिए मॉडलिंग करती हैं। दीक्षा के पिता धीरज पांडे नैनीताल जिला कोर्ट में सरकारी अधिवक्ता हैं, जबकि मां ज्योति पांडे कम्प्यूटर शिक्षक हैं।

## मुख्य सचिव ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव से राज्य के विभिन्न समसामयिक विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

## नर्सिंग स्टाफ का वेतन न मिलने से आक्रोश

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपनल के नर्सिंग अधिकारियों को वेतन नहीं मिलने से उनमें आक्रोश है। जून का वेतन अभी तक उन्हें नहीं मिला है। उधर, प्रबंधन का कहना है कि बॉयोमेट्रिक हाजिरी नहीं लगाने के चलते वेतन रोका था। अब जवाब आने पर उपनल को हाजिरी भेज दी गई है। कर्मचारियों का कहना है कि बॉयोमेट्रिक की स्थिति ठीक की जाएं। छुट्टी होने पर भी अनुपस्थिति लग जाती है। मशीन भी कई बार खराब रहती है। डीएमएस डॉ. धनंजय डोभाल ने कहा कि डॉक्टरों के बाद नर्सिंग स्टाफ की हाजिरी बॉयोमेट्रिक से अनिवार्य की गई है। बॉयोमेट्रिक हाजिरी न लगाने वालों से जवाब मांगा गया था। अधिकांश ने दे दिया है, जिसके बाद हाजिरी उपनल करे भेज दी है। संभवत इसी सप्ताह वेतन आ जाएगा।

## पंचायत प्रतिनिधियों का धरना चौथे दिन भी जारी

देहरादून। त्रिस्तरीय पंचायतों का कायर्काल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन का धरना गुरुवार को भी जारी रहा। पंचायतीराज निदेशालय में आयोजित धरने में पहुंचे पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के दो साल कोविड के कारण बर्बाद हुए हैं। इस कारण कार्यकाल दो साल बढ़ाया जाना जरूरी है। ब्लॉक प्रमुख सुंदर सिंह नेगी ने कहा कि सरकार को तत्काल पंचायत प्रतिनिधियों की मांग स्वीकार करनी चाहिए। जिला पंचायत सदस्य डॉ. प्रदीप भट्ट ने कहा कि मांग पूरी न होने तक पंचायत प्रतिनिधि प्रदेश भर में आंदोलन जारी रखेंगे। धरने में देवेंद्र भंडारी, हीराबल्लभ बधानी, लक्ष्मण सिंह रावत, धर्मदत्त डिमरी, सुनय कुकशाल, पवन पांण्डे, सोबन सिंह कैंतुरा उपस्थित रहे।

## शहर में सड़कों के गड्ढे भरने का काम शुरू

देहरादून। पीडब्ल्यूडी ने शहर में सड़कों पर बने गड्ढे भरने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को रायपुर रोड पर सहस्त्रधारा क्रासिंग के पास गड्ढे भरे गए। गड्ढे भरने से वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को भी आवाजाही में सुविधा मिलेगी। बारिश से शहर भर में सड़कों पर गड्ढे बने हुए हैं। रायपुर रोड, बलवीर रोड, छह नंबर पुलिया रोड समेत कॉलोनियों की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, जो कभी भी जानलेवा साबित हो सकते हैं। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड ने रायपुर रोड पर बने गड्ढे भरने शुरू कर दिए हैं। गुरुवार को सहस्त्रधारा क्रासिंग के पास बने गड्ढों को भरा गया।

# बालिकाओं ने दिखाया फुटबॉल में दमखम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मसूरी । आजकल की युवा पीढ़ी जिस प्रकार से सुखे नशे और मोबाइल की लत लगने के कारण अपना भविष्य खराब कर रहे हैं वहीं पर्यटन नगरी मसूरी में इन आदतों से दूर रखने और खेलों में अपना भविष्य तलाश नहीं के लिए फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बालकों के विभिन्न वर्गों के साथ ही बालिका वर्ग में भी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है आज सर्व मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में बालकों के साथ ही बालिकाओं ने भी अपनी खेल प्रतिभा से वहां मौजूद दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया शहर के इतिहास में पहली बार बालिका वर्ग में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है साथ ही आजकल की युवा पीढ़ी को एक नई दिशा दी जा रही है जिससे आने वाले समय में वह प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें इस प्रयास की पूरे शहर में प्रशंसा हो रही हैलेकिन कहीं ना कहीं खेल मैदान ना होने की टीस आज भी मन में रह जाती है हालांकि जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार घोषणाएं की जा चुकी है लेकिन अब तक एक खेल मैदान मसूरी के खिलाड़ियों को नसीब नहीं हो पाया हैप्रिंस पवार बताते हैं कि उनका उद्देश्य मसूरी में उभरती हुई प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना है और जो बच्चे आज इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं उनके अंदर गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है साथ ही पहली बार बालिका वर्ग की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई हैइस अवसर पर महेश चंद्र ने बताया कि आज मसूरी के लिए या ऐतिहासिक दिन है जहां पर पहली बार गर्ल्स फुटबॉल खेल रही हैं शासन प्रशासन को भी इस और ध्यान देना चाहिए उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से खेल की बुनियाद मजबूत होती है ।



# रुद्रप्रयाग : कार खाई में गिरने से परिवार के 2 लोगों की दर्दनाक मौत, 4 गंभीर रूप से घायल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग 19 जुलाई : चोपड़ा-डुंगरी मोटर मार्ग पर यह हादसा हुआ है यहाँ एक परिवार के 6 सदस्य कार में सवार होकर जा रहे थे, तभी अनियंत्रित होकर वाहन खाई में जा गिरा जिससे यह बड़ा सड़क हादसा हो गया।बीती सुबह करीब 6 बजे चोपड़ा-डुंगरी मोटरमार्ग पर वाहन संख्या UK13A 4341 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने हादसे की खबर मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। इसी दौरान उन्होंने पुलिस और एसडीआरएफ को दुर्घटना की सूचना दी। सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही राहत और बचाव दल तुरंत चोपड़ा-डुंगरी मोटरमार्ग पर दुर्घटना स्थल की ओर रवाना हो गए। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने खाई में जाकर देखा कि दो लोगों की पहले ही मौत हो चुकी थी और अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे।राहत और बचाव कार्य के लिए तुरंत डीडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने दुर्घटना का शिकार हुए 6 लोगों का रेस्क्यू किया। इस दुर्घटना में कल्पेश्वरी (58) और आरती (24) की मौत हो गई। जीतपाल (50), बुद्धि लाल (70), देवेश्वरी देवी (45), और आरती (27) घायल हो गए। वाहन में सवार सभी लोग डुंगरी गांव के निवासी और एक ही परिवार के हैं।






# नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




मसूरी। नशे के खिलाफ छोटी उम्र में जागरूक करने के लिए दौड लगा रहे 15 वर्षीय युवक कृष्णा ने मसूरी पहुंच कर मालरोड पर दौड़ लगा कर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया।15 वर्ष की उम्र में समाज को अकेले बदलने का जज्बा लेकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए, जागरूक कर रहे कृष्णा का मनोबल देखते ही बनता है। वह स्कूलों में जाकर बच्चों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हैं ताकि युवा पीढ़ी का जीवन बर्बाद न हो व वे नशा छोड कर समाज की मुख्यधारा से जुड कर अपने भविष्य का निर्माण करें। जबकि एक 15 वर्ष का युवा नशे के खिलाफ पूरे प्रदेश में दौड़ कर लोगों को जागरूक कर रहा है।

कृष्णा मूल रूप से पिथौरा गढ़ के देवलथल का रहने वाला है। पिता का साया बचपन से नही था और मां की मन की स्थिति खराब होने के कारण जिंदगी अभाव में गुजर रही है। परिवार की परेशानी को देखते हुए घनश्याम ओली चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी ने कृष्णा को गोद लिया और पिछले 9 सालों से कृष्णा संस्था में रहते है तथा संस्था ही उनका लालन पालन, खाना पीना कर रही है वहीं उन्हें शिक्षा दे रही है। कृष्णा भी पूरी लगन से पढ़ाई कर रहे हैं तथा साथ ही सामाजिक जागरूकता अभियानों में भी हिस्सा लेते हैं। परेशानियों का सामना करते हुए चुनौतियों का सामना कर उसे हरा कर समाज के लिए हमेशा कुछ बेहतर योगदान देना ही कृष्णा का लक्ष्य है।

नशे से होने वाले नुकसान और युवाओं को इसमें लिप्त होता देख कृष्णा इन दिनों एक जागरूकता दौड़ कर रहे हैं। वह सबसे कम आयु में नशे के खिलाफ 600 किलोमीटर दौड़ने वाले पहले युवा हैं। वह हर दिन 30 से 40 किलोमीटर दौड़ कर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रहे हैं। विद्यालय में जाकर शपथ दिला रहे हैं और युवाओं को इस अभियान से जोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने मसूरी में 33 किलोमीटर जागरूकता दौड़ की और लोगों को जागरूक किया व मसूरी में प्रवास करने के बाद सुबह देहरादून रवाना हो गये। नशे के खिलाफ अकेले लडने के जज्बे को देख आम जनता उनसे प्रभावित भी हो रही है और अभियान में उनके साथ होने का आश्वासन दे रही है।

यात्रा के दौरान रहने और खाने पीने के लिए वह लोगों से मदद भी मांग रहे हैं। यात्रा में टीम के अन्य 3 सदस्य भी उनकी सेहत, खाने पीने और अन्य चीजों का ध्यान दे रहे हैं। वहीं वह लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आहवान कर रहे हैं व अभियान को पूरा करने में उनका सहयोग की अपेक्षा कर रहे हैं।

# वाहन दुर्घटनाओं व शहर के आंतरिक मार्गों में सुरक्षात्मक कार्यों हेतु डीएम ने अनटाईड फंड से आवंटित किए 23 लाख 18 हजार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



नरेंद्र नगर ।जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा विगत दिनों जनपद मुख्यालय शहर क्षेत्रान्तर्गत हुई वाहन दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए शहर के आन्तरिक मार्गो में सुरक्षात्मक कार्यों हेतु अनटाईड फण्ड से 23 लाख 18 हजार रूपये की धनराशि आंवटित की है।

जिलाधिकारी ने टिहरी जिले के नई टिहरी शहर क्षेत्रान्तर्गत विगत दिनों हुई वाहन दुर्घटनाओं के संबंध में नगरवासियों की मांग को दृष्टिगत रखते हुये शहर के आन्तरिक मार्गों में सुरक्षात्मक कार्यों हेतु अनटाईड फण्ड से 23 लाख 18 हजार रूपये की धनराशि आंवटित की है। इस धनराशि से शहर में स्थित विद्यालयों/अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अप्रिय घटनाओं को रोकने हेतु शहर के आन्तरिक मार्गों में Traffic Calming Measures (Speed Breaker इत्यादि) लगाने के कार्य किये जायेंगे। उक्त कार्यों हेतु अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोनिवि नई टिहरी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारी को तत्काल शहर के आन्तरिक सडकों पर मानकों के अनुरूप सुरक्षात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में बैठक, प्रेस व प्रशासन के संबंधों को सशक्त बनाने पर बल वाचस्पति रयाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नरेंद्रनगर। शासन-प्रशासन की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रचारित-प्रसारित करने एवं पत्रकार उत्पीड़न समस्याओं का निराकरण पर चर्चा करने तथा इस दिशा में ठोस कदम उठाने के मकसद से जिला अधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय पत्रकार अस्थाई समिति की बैठक आहूत की गई। जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में आयोजित इस बैठक में समिति के सदस्यों ने बताया कि जनपद में पत्रकार उत्पीड़न का कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है। सदस्यों ने जनहित एवं पत्रकारों से संबंधित मुद्दों को उठाते हुए उत्तराखण्ड संकटाग्रस्त वयोवृद्ध पत्रकार पेंशन योजना में शिथिलीकरण करने, मान्यता प्राप्त पत्रकारों को उत्तराखण्ड परिवहन निगम की तर्ज पर टीजीएमओ की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा मुहैया कराने, पर्वतीय जनपदों से प्रकाशित समाचार पत्रों को सजावटी विज्ञापन का अतिरिक्ति रूप से लाभ दिये जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी ने जिला सूचना अधिकारी को सदस्यों द्वारा उठाये गये मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु उच्च स्तर पर पत्राचार करने के निर्देश दिये। इस मौके पर समिति के सदस्यों द्वारा नशामुक्त ग्रामीण बाजार बनाये जाने तथा जामणीखाल बाजार में संबंधित विभाग के माध्यम से सड़क पर नाली निर्माण




करवाये जाने का अनुरोध किया। उक्त मामलों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने नशामुक्त ग्रामीण बाजार को लेकर एएसपी को जामणीखाल में रेण्डमली चेकिंग कर चालान की कार्यवाही करने को कहा। सभी कार्य व्यवस्थित रूप से हो सके और मीडिया की स्वतंत्रता भी बरकरार रहे तथा समाज को सही दिशा मिल सके, इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा प्रेस प्रतिनिधियों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

बैठक में समिति के सदस्य एएसपी जेआर जोशी, दया शंकर पाण्डेय (संपादक साप्ताहिक तरूण हिन्द), सूर्य चन्द्र सिंह चौहान, (संपादक साप्ताहिक अन्तरिक्ष टाइम्स), शीशपाल सिंह रावत (संपादक साप्ताहिक नदी, घाटी एवं पहाड़), अरविन्द नौटियाल, संवाददाता सहारा समय टीवी, सदस्य सचिव/प्रभारी डीआईओ भजनी भण्डारी, कनिष्ठ सहायक सूचना कार्यालय धीरेश सकलानी उपस्थित थे।

# उत्तराखंड : जच्चा-बच्चा का ख्याल रखेगा ये पोर्टल, हर जानकारी करेगा रिकॉर्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 19 जुलाई : टीकाकरण के तुरंत बाद उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र मिलेगा। यू-विन पोर्टल पर टीकाकरण का पूरा रिकॉर्ड रहेगा, अभिभावक कहीं से भी ले सकेंगे डिजिटल प्रमाण पत्र। अब गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की सभी जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाएगी, साथ ही उन्हें टीकाकरण के तुरंत बाद उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र मिलेगा। वे अपने मोबाइल पर टीकाकरण की तारीख और भविष्य के टीकाकरण की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाएं देश के किसी भी हिस्से में टीकाकरण करवा सकेंगी और संबंधित केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों को उनकी टीकाकरण की पूरी जानकारी मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अब यू-विन एप पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की जानकारी दर्ज की जाएगी। टीकाकरण का अपडेट संबंधित गर्भवती या माँ अपने मोबाइल पर देख सकेंगी। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं और बच्चों को भविष्य में लगने वाले टीकों की जानकारी और तारीख भी ऐप पर उपलब्ध होगी। इस एप के माध्यम से हर गर्भवती महिला का पंजीकरण, टीकाकरण, प्रसव समय, नवजात शिशु के जन्म का पंजीकरण और टीकाकरण का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखा जाएगा।




यू विन पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण का डेटा एकीकृत रूप से एक जगह पर मिलेगा।आप यू विन एप को मोबाइल में आसानी से गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं । एप डाउनलोड करने के बाद मोबाइल नंबर का पंजीकरण करना होगा। नाम, पता और आधार नंबर जैसी जानकारी दर्ज करने के बाद, टीकाकरण की पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, यू विन पोर्टल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण की सभी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# दिल्ली-जम्मू जाने वाले यात्रियों के लिए सौगात हरियाणा के इस शहर में बिछेगी नई रेल लाइन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 19 जुलाई : रेलवे की ओर से दिल्ली से जम्मू जाने के लिए नई रेल लाइन बिछाई जाएगी। इस परियोजना कार्य के लिए पुणे की कंपनी ने अप्रैल महीने में सर्वे शुरू कर दिया था। कहा जा रहा है कि इसे पूरा करने के लिए अभी तीन से चार महीने लग सकते हैं। सर्वे के बाद मुख्य लाइन और डीएफसीसीआईएल कॉरिडोर के साथ लाइन बिछाने का काम भी शुरू किया जाएगा। हालांकि, अभी तक यह तय नहीं किया गया है कि एक लाइन बिछेगी या दो। सर्वे की रिपोर्ट तैयार होने के बाद ही यह तय किया जाएगा। इस रेलवे लाइन के बिछने से यात्रियों के समय की बचत होगी और गति में भी बढ़ोतरी की जा सकेगी।

इस सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने लाइन बिछाने का प्रस्ताव तैयार किया है और इसकी विस्तृत रिपोर्ट जारी करने की जिम्मेदारी पुणे की एक कंपनी को दी गई है। जानकारी के अनुसार, सर्वे पूरा होने के बाद रेलवे लाइन बिछाने का खर्च बजट तैयार किया जाएगा। इसके लिए रेलवे को भूमि अधिग्रहण भी करनी पड़ सकती है। कहा जा रहा है कि नई रेलवे लाइन पुरानी रेलवे लाइनों के पास ही बिछाई जाएगी, ताकि ट्रेनों के संचालन में कोई बाधा न आए।बता दें कि दिल्ली से जम्मू तक रेलवे ट्रैक लगभग 600 किमी लंबा है और इसमें दिल्ली से अंबाला तक की दूरी 200 किमी है। वहीं, अगर ट्रेन संचालन की बात करें तो दिल्ली से जम्मू तक लगभग 60 से अधिक ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान समय में इस रेल सेक्शन पर कई वीआईपी ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसमें दिल्ली से जम्मू राजधानी एक्सप्रेस, नई दिल्ली से कटरा वंदे भारत एक्सप्रेस, श्री शक्ति एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनें शामिल हैं, जिससे यात्रियों को काफी राहत मिल रही है।



# प्राथमिक दौड़ प्रतियोगिता में ससमण के अनिकेत ने मारी बाजी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नरेंद्रनगर। माननीय मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत नरेंद्रनगर में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में पट्टी दोगी के ससमण राजकीय प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 5 का छात्र अनिकेत सिंह कबसूडी ने,दौड़ प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर, जिले की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। ट्रैक पर दौड़ते हुए फर्राटेदार रफ्तार को देख दर्शक अनिकेत सिंह कबसूडी के हुनर की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। ब्लॉक स्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अनिकेत का कहना है कि, वह जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए और कड़ी मेहनत कर पहला स्थान प्राप्त करने का प्रयास करेगा। वार्षिक परीक्षा में चौथी क्लास में 71% से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में पहला स्थान प्राप्त करने वाले व कक्षा पांच का छात्र अनिकेत का यह भी कहना है कि वे कक्षा 5 में और अधिक कठिन परिश्रम कर 90% अंक प्राप्त करने की कोशिश करेंगे।



मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अनिकेत सिंह कबसूडी के प्रथम आने पर खुशी जताते हुए अनिकेत के पिता दिनेश सिंह कबसूडी व माता श्रीमती धनेश्वरी देवी ने अपने बालक के खेल प्रतियोगिता में प्रथम आने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि, वह मेहनती बहुत है, और जिले की प्रतियोगिता के लिए,की जा रही, उसकी मेहनत निश्चित ही फलदाई होगी।

# कर्णप्रयाग-ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग 109 के चौड़ीकरण की कार्यवाही हुई तेज, ग्वालदम में हुई जन सुनवाई

नवीन चन्दोला
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ग्वालदम/चमोली। सीमा सड़क संगठन द्वारा ग्वालदम से सिमली (कर्णप्रयाग) तक राष्ट्रीय राजमार्ग 109 का चौड़ीकरण होना है, आज बृहस्पतिवार को इस मौके पर एस डी एम थराली अबरार अहमद तहसील प्रशासन की टीम के साथ ग्वालदम वन विश्राम गृह पहुंचे, साथ ही सीमा सड़क संगठन गौचर के कमान अधिकारी मनोहर कुमार भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ग्वालदम, ताल,घनियालधार, तलवाड़ी तक जिन लोगों के मकान, जमीन,खेत सड़क कटिंग के दायरे में है वो सभी लोग पहली जन सुनवाई में मौजूद रहे,जन सुनवाई शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। फोन पर वार्ता पर सीमा सड़क संगठन के कमान अधिकारी मनोहर कुमार ने बताया कि मुख्य बाजार में 10 मीटर की रोड अनिवार्य रूप से काटी जाएगी , बाकी खुली जगह, सरकारी भूमि पर 24 मीटर चौड़ी सड़क काटी जानी है, जिनकी भी जमीनें, मकान इस दायरे में आयेंगे उन्हें मुआवजा दिया जाएगा।

सड़क चौड़ीकरण के मामले में यह पहली जन सुनवाई ग्वालदम में हुई, कल शुक्रवार को थराली क्षेत्र के लोगों के लिए तहसील सभागार थराली में जन सुनवाई होगी, और शनिवार को नारायणबगड़ क्षेत्र के लोगों के लिए जन सुनवाई विकासखंड नारायणबगड़ में होगी। इस अवसर पर ग्वालदम से तलवाडी तक जिनकी मकानें/भूमि इस दायरे में आ रही है वे सभी लोग मौजूद थे, सड़क चौड़ीकरण की खबर सुन कर स्थानीय लोग जिनके मकानें, दुकानें इस दायरे में आ रही हैं वे लोग काफी चिंतित थे, बाजार क्षेत्र में 10 मीटर तक सड़क कटिंग के आश्वासन के बाद लोगो ने राहत की सांस ली, जिसमें कुल खसरा 2413 में रकवा 65.428 हेक्टेयर भूमि इस सड़क कटिंग की जद में आ रही है। इस अवसर पर तहसील प्रशासन से एसडीएम थराली अबरार अहमद,तहसीलदार गिरीश चंद्र तिवारी, जगदीश गैरोला रजिस्ट्रार कानूनगो, राजेश्वरी, मनीष रावत,सीमा सड़क संगठन के कमान अधिकारी मनोहर कुमार, सेकंड कमान अधिकारी के. सी.बोहरा, जे. ई. अजय सिंह, बीआरओ प्रतिनिधि एस. आर. पुरोहित तथा स्थानीय लोग मौजूद रहे।



# देहरादून पुलिस के अश्व दल का हिस्सा अश्व तक्षक के असामायिक निधन पर पुलिस लाइन में दी गयी शोक सलामी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। ादून पुलिस के अश्व दल में नियुक्त अश्व "तक्षक" का पुलिस लाइन देहरादून में आकस्मिक निधन हो गया। अश्व तक्षक के असामायिक निधन पर पुलिस लाइन देहरादून में उन्हें अंतिम सलामी दी गई। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा अश्व तक्षक के असामायिक निधन पर दुख प्रकट करते हुए पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजली दी।

अश्व तक्षक वर्ष 2023 में देहरादून पुलिस के अश्व दल का हिस्सा बने थे, अपनी सेवा के दौरान अश्व तक्षक द्वारा कई महत्वपूर्ण शान्ति व्यवस्था तथा वीवीआईपी ड्यूटियों में अपना योगदान दिया गया।

## संपादकीय

## स्थानीय आरक्षण की सियासत

न जाने क्यों कर्नाटक सरकार को 'स्थानीय आरक्षण' वाला विधेयक फिलहाल स्थगित करना पड़ा ! कर्नाटक सरकार की नीयत और उसके मंसूबे विधेयक में साफ झलकते हैं, जिसे राज्य कैबिनेट ने पारित किया था। पारित विधेयक भारतीय संविधान की भावना और उसका अक्षरशः उल्लंघन है, क्योंकि अनुच्छेद 19 (1) के तहत देश का प्रत्येक नागरिक, देश के किसी भी हिस्से में, कारोबार या नौकरी कर, अपनी आजीविका कमा सकता है। किसी भी क्षेत्र की भाषा, जाति, धर्म और राज्यवाद उस पर प्रतिबंध नहीं थोप सकते। इसी तरह स्थानीय भाषा और नागरिकता के आधार पर आरक्षण तय करना भी 'असंवैधानिक' है। कर्नाटक कैबिनेट ने जो बिल पारित किया था, उसके मुताबिक निजी क्षेत्र के उद्योगों, फैक्टरियों और अन्य कंपनियों में प्रबंधकीय श्रेणी के पदों पर 50 फीसदी आरक्षण कन्नड़भाषी लोगों के लिए होगा। गैर-प्रबंधकीय पदों के लिए कन्नड़वालों के लिए 75 फीसदी आरक्षण होगा। सरकार से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' तभी मिलेगा, जब इस आरक्षण की पुष्टि हो जाएगी। कन्नड़ भाषा का ज्ञान, कन्नड़ परिवार में जन्म आदि शर्तें आरक्षण के लिए अनिवार्य हैं। यदि किसी पद के लिए पात्र, योग्य, कुशल कर्मचारी न मिले, तो यह दायित्व भी कंपनी का होगा कि वह अपात्र व्यक्ति को भी अपने साथ रखे और तीन साल के अंतराल में प्रशिक्षित करे। रोजगार और नियुक्ति कन्नड़वाले को ही मुहैया की जाएगी। दरअसल कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु सूचना प्रौद्योगिकी का गढ़ है। वहां 67,000 से ज्यादा देशी-विदेशी आईटी कंपनियां काम कर रही हैं। उन कंपनियों में नौकरी सिर्फ योग्यता के आधार पर मिलती है, क्योंकि काम ही तकनीकी और प्रौद्योगिकी का है। बेंगलुरु में देश के अन्य क्षेत्रों और विदेशों से भी लोग आईटी की नौकरी करने आते हैं और बेंगलुरु के युवा विदेशों में भी नौकरी करने जाते हैं। क्या ऐसे क्षेत्र में आरक्षण तर्कसंगत है ? बेंगलुरु के अलावा मुंबई हमारे देश का नंबर एक महानगर है, जहां देश के कोने-कोने से लोग नौकरी करने आते हैं। वहां मराठा के नाम पर ऐसा आरक्षण नहीं है कि अन्य भारतीयों के लिए दरवाजे बंद कर दिए जाएं। कर्नाटक कोई पहला राज्य नहीं है, जहां कैबिनेट ने 'स्थानीय आरक्षण' का बिल पारित किया है। इससे पहले आंध्रप्रदेश (2019) और हरियाणा सरकार (2020) अपने भाषायी और स्थायी नागरिकों के लिए 70-75 फीसदी आरक्षण का कानून बना चुकी हैं। बीते साल नवंबर में पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने स्थानीय आरक्षण की व्यवस्था और कानून को खारिज कर दिया था। आंध्र उच्च न्यायालय ने भी स्थानीय आरक्षण को 'असंवैधानिक' करार दिया है, जबकि यह बिल आंध्र विधानसभा में मई, 2019 में पारित किया जा चुका था। दरअसल यह भी आरक्षण के बुनियादी मुद्दे सरीखा है। यह भरपूर सियासत भी है। सरकारें स्थानीय आरक्षण को इसलिए लागू करना चाहती हैं, क्योंकि वे अपने मतदाता को रोजगार मुहैया कराना चाहती हैं। यह लाभ उन्हें बाहर के लोगों से नहीं मिल सकता, लेकिन सवाल यह भी है कि कन्नड़वाले बाहर के क्षेत्रों में भी काम करने जाते हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी के नेतृत्व में ई-रिक्शा संचालकों ने दिया ज्ञापन





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

विकासनगर। विकास नगर में ई रिक्शा की मात्रा बढ़ती जा रही है जिससे कि विकास नगर बाजार में जाम की स्थिति उत्पन्न रहती है इसी को देखते हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा ई-रिक्शा के चालान की कार्रवाई की जाती है लेकिन ई रिक्शा विकास नगर में इस कदर से बढ़ गए हैं कि सड़क पर चलना आम जनता का दूभर हो गया है आपको बता दें कि आज जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी की नेतृत्व में ई रिक्शा के संचालक तहसील विकासनगर पर एकत्रित हुए और एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी विकास नगर को दिया कि ई रिक्शा के नए रजिस्ट्रेशन पर रोक लगनी चाहिए

## उत्तराखंड का पहला होम स्टे बुकिंग पोर्टल तैयार

देहरादून। उत्तराखंड में होम स्टे को बढ़ावा देने को पर्यटन विभाग की ओर से तैयार किया गया होमस्टे बुकिंग पोर्टल www.uttarastays.com शुरू हो गया है। पर्यटन विभाग का दावा है कि ये भारत में किसी भी राज्य सरकार की ओर से तैयार किया गया पहला ऑनलाइन होमस्टे बुकिंग पोर्टल है। इसका लाभ उत्तराखंड में पंजीकृत पांच हजार होम स्टे को मिलेगा। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से राज्य में होम स्टे की बुकिंग के लिए एक ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल को गुरुवार को लांच किया। ऐसे में अब उत्तराखंड में होमस्टे की बुकिंग अब www.uttarastays.com पर हो सकती है। होमस्टे के मालिक होमस्टे के बारे में जानकारी देकर और इसके लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर कर, पोर्टल पर बुकिंग को पंजीकरण करवा सकते हैं। पोर्टल के जरिए पर्यटकों को होम स्टे की जानकारी मिलेगी। ऑनलाइन बुकिंग बढ़ेगी। पर्यटक प्लेटफॉर्म पर होमस्टे को अपनी रेटिंग भी दे सकते हैं। इसके जरिए होमस्टे मालिकों को उनकी सेवाओं पर वास्तविक प्रतिक्रिया मिल सकेंगी। इससे होम स्टे मालिकों को अपनी सेवाओं में सुधार का अवसर भी प्राप्त होगा।

पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने बताया कि होम स्टे कारोबार को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार विकसित करने को दीनदयाल उपाध्याय होमस्टे योजना में सब्सिडी भी दी जा रही है। होम स्टे मालिकों को उनके ग्राहक सेवा कौशल को बढ़ाने को प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

## नंगे पैर नहीं दौड़ाए खिलाड़ी, परिजनों को जूते लेने भेजा

देहरादून। खेल विभाग ने मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के दौरान खिलाड़ियों को नंगे पैर दौड़ाने पर सख्त रुख अपनाया है। अब ट्रायल के दौरान किसी भी खिलाड़ी को नंगे पैर दौड़ने की अनुमति नहीं दी जा रही है। गुरुवार को चप्पल पहनकर आए खिलाड़ियों के परिजनों को बाकायदा ग्राउंड से ही जूते लेने भेज दिया गया। उदीयमान योजना के ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों को परेड ग्राउंड के पथरीले ट्रैक पर नंगे पैर दौड़ाया गया था। इससे कुछ खिलाड़ी जख्मी होकर रेस पूरी नहीं कर पाए थे। जूते होने के बाद भी खिलाड़ियों को उन्हें पहनने का समय नहीं दिया गया था। गुरुवार को जनपद स्तरीय ट्रायल के दौरान इसका असर देखा गया। कुछ बच्चे चप्पलों में ही ट्रायल देने पहुंच गए थे। मौके पर तैनात खेल प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों के परिजनों को पहले जूते खरीदकर लाने को कहा। जब सभी खिलाड़ी जूतों में तैयार हो गए, तब उनके ट्रायल लिए गए। यही नहीं परेड ग्राउंड के चार सौ मीटर ट्रैक पर डिवाइडर लगाकर दौड़ कराई गई। ताकि खिलाड़ी डिवाइडर के बाहर दौड़ सकें और उनका खुले चैंबरों में गिरने का खतरा कम हो सकते। इससे पहले डिवाइडर की व्यवस्था नहीं थी।

## नर्सिंग भर्ती के लिए एनओसी न दें विभाग

देहरादून। गुरुवार को नर्सिंग सेवा संघ संरक्षक विजय चौहान, अध्यक्ष लीला चौहान ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता की। जिसमें कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग में नर्सिंग अधिकारियों के 1455 पदों पर भर्ती चल रही है। भर्ती वर्षवार ज्येष्ठता क्रम में होनी है। जिसके लिए चिकित्सा चयन बोर्ड ने नौ जुलाई से अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की है। इस भर्ती में उन लोगों ने दोबारा आवेदन किया है, जिन्हें हाल में स्वास्थ्य विभाग में नियुक्ति मिल चुकी है। आरोप लगाया कि ये लोग जूनियर अभ्यर्थियों का हक मार रहे हैं। कहा कि स्वास्थ्य विभाग इन नर्सिंग अधिकारियों को एनओसी न दें। उन्हें चयन प्रक्रिया से बाहर कर जूनियर अभ्यर्थियों को मौका दिया जाए। कहा कि नैनीताल हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिसपर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है कि इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति उक्त याचिका के अधीन रहेगी। कहा कि कुछ लोग फर्जी स्थाई निवास और ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र के आधार पर भर्ती में शामिल हुए हैं। उन्होंने दस्तावेजों का गहनता से अध्ययन करने की मांग उठाई है।

# वन विभाग ने ग्रामीणों के सहयोग से वृक्षारोपण किया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मसूरी। मसूरी वन प्रभाग के बंगसील देवलसारी रेंज में हरेला पर्व के तहत बेल पत्र, रुद्राक्ष के साथ ही विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण रेंज अधिकारी लतिका उनियाल के नेतृत्व में किया गया ।प्रकृति की गोद में बसा मनमोहक पर्यटक स्थल बंगसील देवलसारी रेंज में हरेला पर्व के तहत आयोजित कार्यक्रम में बड़ी तादात में वन सरपंचों सहित वन कर्मियों राजनैतिक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोगों ने प्रतिभाग कर रेंज के विभिन्न स्थानों पर बेल पत्र, रुद्राक्ष नीम, अमरूद, बांज, बुरांस, और देवदार के सैकड़ों पौधों का रोपण किया। आयोजित कार्यक्रम में रेंज अधिकारी लतिका उनियाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री खेमराज पुजारी, मंडल मंत्री बिजेंद्र सिंह पंवार,




सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सोंबारी लाल नौटियाल ने कहा कि दिनों दिन क्लाइमेंट का बदलता परिवेश एक नई चुनौती को जन्म दे रहा है, इस वार्मिंग से निपटने का मात्र एक ही साधन है कि हम अपने इर्दगिर्द की हर भू भाग को हरियाली की निरंतरता से जोड़े रखे, उन्होंने कहा कि जिस कौतूहल के साथ राज्य में हरेला पर्व को मनाने का काम हो रहा है उस भाव से रोपे गए पौधों को सुरक्षित रखना भी हमारा नैतिक जिम्मेदारी बन जाती है। जितने भी पौधों का रोपण किया गया इनको सरंक्षित रखना ही हरेला पर्व के प्रति हमारी सच्ची आस्था का सिंबल बनेगा कार्यक्रम में हंस फौण्डशन ने अपनी सहभागिता निभाते हुए लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया।

इस मौके पर दिव्या बिजल्वाण, सी,डी,एस धनपाल, आरती परमार प्रधान ग्राम पंचयात तेवा, वन सरपंच चन्द्र सिंह रावत, बचन सिंह रावत, मुकेश औन्तड़, सूरबीर तोमर, सुरेन्द्र गौड़ वन दरोगा, आदर्श रमोला वन वीट अधिकारी, बीरेंद्र गौड़, आरती पंवार, नैना पाण्डे, राम प्रकाश नौटियाल, विपिन कुमार, महेंद्र चौहान वन वीट अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

# प्रकृति के संरक्षण के लिए रोपे गए लाखों पेड़

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तरकाशी। हरेला पर्व के उपलक्ष्य में जिले में संचालित वृहद वृक्षारोपण अभियान में आम लोगों की उत्साहजनक भागीदारी के चलते अभी तक दो लाख सत्तर हजार से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं।

प्रकृति के संरक्षण के लोक पर्व हरेला के अवसर पर गत मंगलवार को जिले में वृहद वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया था। अपर यमुना वन प्रभाग के अंतर्गत पोल गांव के हरेला वन में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी और प्रभागीय वनाधिकारी रविन्द्र सिह पुण्डीर ने विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपित कर इस अभियान का शुभारंभ किया था। जबकि जिला मुख्यालय के नजदीक उत्तरकाशी वन प्रभाग के अंतर्गत डांग गाव के हरेला वन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जय किशन और प्रभागीय वनाधिकारी डीपी बलूनी व आरएन पाण्डेय सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता राणा चौहान के द्वारा पौध रोपण कर वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत कराई गई थी।

इस अभियान के तहत जिले के प्रत्येक गांव व विद्यालय के स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान में विभिन्न विभागों के साथ ही ग्राम पंचायतों, वन पचायतों, युवक व महिला मंगल दलो, स्वयं सहायता समूहों और विद्यालयों के छात्र- छात्राओं के द्वारा बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाई जा रही है। अभियान के दौरान जिले भर में दो लाख पौध रोपित करने का लक्ष्य तय कर पहले तीन दिन मे पचास प्रतिशत पौध रोपित किए जाने का निश्चय किया गया था। स्वयं सहायता समूहों और ग्राम स्तर के कार्यकर्ताओं की उत्साहजनक मागीदारी को देखते हुए ग्राम्य विकास विभाग के द्वारा विभागीय लक्ष्य से अलावा स्वयं सहायता समूहो के लिए अलग से एक लाख पौधारोपण का लक्ष्य तय किया गया ।इस प्रकार जिले में अभियान के दौरान सभी विभागों के द्वारा कुल 308830 पौधे रोपित किये जाने के संशोधित लक्ष्य के सापेक्ष शुरूआती दिन में ही दो लाख से अधिक पौधे रोपित कर लिए गए। जिलेभर में वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत आज भी बड़े पैमाने पर पौधे रोपित किए गए । जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से पौधारोपण की अंतिम सूचना आनी बाकी है लेकिन प्राप्त प्रारंभिक सूचनाओं के अनुसार अभी तक दो लाख सत्तर हजार से अधिक पौधे रोपित किए जा चुके हैं।

प्राप्त सूचना के अनुसार अभियान के शुरुआती तीन दिनों में उद्यान विभाग के द्वारा



32000 के लक्ष्य के विपरीत अभी तक 29600 तथा कृषि विभाग द्वारा 17000 के लक्ष्य के सापेक्ष 17000 पौधों का रोपण करवाया जा चुका है। जिले के सभी विकास खंड कार्यालयों के लिए तय लक्ष्य 77100 के सापेक्ष 63537 का पौधारोपण किया जा चुका है। शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य 4500 के सापेक्ष 6683, पंचायतीरात विभाग ने 25000 के लक्ष्य के सापेक्ष 15340 पौधे रोपित कर लिए गए है। नगर निकायों के द्वारा 2409 पौधे रोपित करने के लक्ष्य के विपरीत अभी तक 2103 पौधे रोपित कर लिए गए है। स्वयं सहायता समूहों के द्वारा एक लाख के लक्ष्य के विपरीत 124644 पौधे रोपित किए गए हैं। वन विभाग के अपर यमुना वन प्रभाग के माध्यम से तीन दिनों में 10066 पौधे रोपित किए गए हैं और अन्य वन प्रभागों से अंतिम सूचना प्राप्त होना बाकी है। यह वृहद वृक्षारोपण अभियान आगामी 15 अगस्त तक संचालित होगा।

# बद्रीनाथ वन प्रभाग और एस एस बी ग्वालदम ने मेल्ठा गांव में किया वृक्षारोपण और गोष्ठी का आयोजन, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नवीन चन्दोला**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

थराली/चमोली। हरेला लोक पर्व के चलते बद्रीनाथ वन प्रभाग तथा सशस्त्र सीमा बल के द्वारा ग्राम मेल्ठा के अन्तर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, ग्रामीण, बुजुर्ग,SSB के जवान तथा अन्य लोग मौजूद रहे, जिसमें स्थानीय जनता को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा लगातार पृथ्वी के बढ़ते तापमान के कारण ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ाने से रोकने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की।

बद्रीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश कुमार दुबे ने बताया कि हमारे द्वारा पूरे जनपद के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम वृहद रूप से चलाया जा रहा है, जिस से पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सके, साथ ही अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उन पेड़ों की






देखभाल भी की जाए। इसी क्रम में सशस्त्र सीमा बल के उपमहानिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि हरेला पर्व पर सशस्त्र सीमा बल ग्वालदम के द्वारा लगातार वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है,और हमारी यूनिट के द्वारा यहां पर विभिन्न आस-पास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस अवसर पर बद्रीनाथ वन प्रभाग के उप वनाधिकारी विकास, वन दरोगा खिमानंद खंडूरी, वन दरोगा रमेश चंद्र,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी नरेश चन्दोला, जितेन्द्र सिंह रावत ग्राम प्रधान, अलकनंदा वन प्रभाग से उप वन क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह बिष्ट, वन दरोगा दीपक मेहरा, वन आरक्षी दिनेश गुसांई, एस एस बी ग्वालदम से डा.अतुल कुमार, जयवीर सिंह तोमर, अमोद,वन पंचायत थराली सरपंच संगठन के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत,लक्ष्मण सिंह रावत सरपंच, सरपंच महिपाल सिंह, नरेंद्र सिंह राणा, लाल सिंह गुसांई, खिलाफ सिंह रावत, आदि लोग उपस्थित रहे।